हाथ जोड़ के मां तुझसे यह कहना है

कहना है हाथ जोड़ मां तुझसे कहना है,
दिल की कहके दिल हल्का कर लेना है,
कहना है हाथ जोड़ मां तुझसे कहना है....

तेरे दर की है मां रीत निराली,
खाक को तू लाखों का करने वाली,
तेरी रहमत का धन मां मुझे भी लेना है,
कहना है हाथ जोड़ मां तुझसे कहना है....

अपने रंग में मां मुझे तू रंग दे,
खजाना प्यार का मां तू संग दे,
प्यार तेरा मां खुशियों का गहना है,
कहना है हाथ जोड़ मां तुझसे कहना है....

लाखों पापी मां तूने हैं तारे,
दुनिया को सुख देती है सारे,
मेरा भी दुख मां तुझको हर लेना है,
राजीव का दुख मां तुझको हर लेना है,
कहना है हाथ जोड़ मां तुझसे कहना है....

बड़ी दयालु है मां सबपे दया तू कर दे,
खुशियों का सबको मां तू वर दे,
मां तेरे होते और दुख नहीं हमें सहना है,
कहना है हाथ जोड़ मां तुझसे कहना है....

©राजीव त्यागी

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27994/title/haath-jod-kar-maa-tujhse-ye-kehna-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |